हिमाचल दस्तक
हिमाचल प्रदेश सरकार
सूचना एवं जन सम्पर्क
Information & Public Relations
Government of Himachal Pradesh

# 100 खाताधारकों की री-केवाईसी की

## भारतीय रिजर्व बैंक ने महादेव पंचायत में लगाया शिविर

हिमाचल दस्तक ▮ मंडी

**भारतीय** रिजर्व बैंक और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा देशभर में चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन संतृप्ति एवं री-केवाईसी अभियान के तहत मंगलवार को सुंदरनगर की महादेव पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही और उन्हें विभिन्न वित्तीय सेवाओं व योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

**▮ डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए**

आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रदेश की सभी पंचायतों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, पेंशन योजनाएं री-केवाईसी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां पहुंचाना है। शिविर में लगभग 130 खाताधारकों ने भाग लिया, जिनमें से 100 खातों की मौके पर ही री-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की गई। पीएनबी मंडी के मंडल प्रमुख सूरज दत्ता ने जनधन योजना सहित विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी दी। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक रविंदर कुमार राणा ने री-केवाईसी की भूमिका पर बल दिया। वहीं हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के महाप्रबंधक कर्मवीर सिंह शेखावत ने डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर, डीडीएम नाबार्ड राकेश शर्मा, पीएनबी, एसबीआईए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक एवं एचपी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




**Visit of RD, Shimla to Mandi camp (GP Mahadev) - August 05, 2025- Himachal Dastak newspaper clip**